महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा 14-09-2024 को "अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ समुंदर सिंह द्वारा किया गया। प्रारंभ मे विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने लोकतंत्र दिवस की महता, इतिहास और लोकतंत्र की एक नागरिक के जीवन में भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के उपलक्ष में वोट का उपयोग करने की सपथ दिलाई। इसके बाद विभाग के सभी अध्यापकों ने लोकतंत्र की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को मूल्य एवं नैतिकता को अपनाते हुए सफल भविष्य के लिए मार्गदर्शित किया। इस अवसर पर प्रो. सतबीर सिंह चाहर, डॉ. जगबीर नरवाल , डॉ राजेश कुंडू, डॉ. समुन्दर सिंह, डॉ. सुमन लता सहित सभी शोधार्थी एवं विधार्थी मौजूद रहे।